


http://i.imgur.com/m1yHDws.jpg

# होठों पर आर्सेनिक और आँखों में लेड। चौंक गए?

## जांच में लिपस्टिक की 4 ब्रांड में आर्सेनिक और काजल के 2 ब्रांड में लेड के उच्च स्तर

शृंगार सामग्री महिलाओं की सबसे अच्छी दोस्त हैं। वे उनके रूप-रंग और आत्म विश्वास को बढ़ाती हैं फिर चाहे यह बोर्डरूम में हो या पारिवारिक समारोह हो। सौंदर्य प्रसाधनों का पहली बार इस्तेमाल 12,000 साल पहले हुआ था जब प्राचीन इजिप्ट में सुगंधित तेलों की चिकित्सा क्षमताओं की खोज हुई थी। तत्पश्चात, सौंदर्य प्रसाधन का आकर्षण बढ़ता ही गया है - और यह सिर्फ महिलाओं में ही नहीं है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, भारतीय सौंदर्य और कॉस्मेटिक बाजार का व्यवसाय 6049 करोड़ रुपये के आसपास है, और प्रति वर्ष 15-20% की वृद्धि दर्शा रहा है।

हालांकि, सौंदर्य प्रसाधन उद्योग ने कमजोर नियामक प्रणाली की वजह से सुरक्षा नवीनताओं के साथ तालमेल बनाए नहीं रखा है। यह, और उपभोक्ताओं में रासायनिक खतरों के बारे में अज्ञान ने उनके उत्पादों की सही विषाक्तता को छिपाने के लिए निर्माताओं को सक्षम बनाया है।

### छिपे खतरे

सौंदर्य प्रसाधन में विभिन्न किस्म के रसायन होते हैं और कुछ विषाक्त होते हैं। इन जहरीले रसायनों को नियमित रूप से मामूली मात्रा में



http://pixabay.com

### सीईआरसी द्वारा की गई कार्यवाही

**सीईआरसी ने इस मामले पर भारतीय औषध महानियंत्रक (डीसीजीआई), उपभोक्ता मामले के मंत्रालय (एमओसीए) और बीआईएस को एक प्रस्तुति पेश की। एमओसीए ने प्रतिक्रिया व्यक्त की कि राष्ट्रीय मानकों को डब्ल्यूएचओ/वैश्विक मानकों के अनुरूप करने के लिए संशोधन किया जा रहा है और उन्हें जल्द ही लागू किया जाएगा।**

**बीआईएस ने जवाब दिया कि लिपस्टिक और काजल में भारी धातुओं के संबंध में इस समय कोई कार्रवाई करने की जरूरत नहीं है। सौंदर्य प्रसाधन की बिक्री, परीक्षण और हानिकारक सामग्री के प्रदर्शन से संबंधित सीईआरसी के सुझावों को डीसीजीआई द्वारा देखा जाएगा।**

**स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव**

**आर्सेनिकः लंबी अवधि के लिए आर्सेनिक (यदि निगला जाए तो) के संपर्क से कैंसर, त्वचा के घाव, बालों का झड़ना, विकासात्मक प्रभाव, हृदय रोग, न्यूरोटॉक्सिटी और मधुमेह हो सकता है।**

**लेडः लेड के संपर्क से कई अंगों और प्रणालियों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इससे मस्तिष्क और गुर्दे की क्षति, बहरापन और गर्भपात हो सकता है। लेड हड्डियों में भी जमा हो जाता है।**




लगाने से भी प्रतिकूल संचयी प्रभाव पैदा हो सकता है। खराब गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करने पर कभी-कभी भारी धातुओं जैसे संदूषक उत्पादों में मिल जाते हैं। भारी धातुओं को आसानी से अवशोषित किया जा सकता है क्योंकि सौंदर्य प्रसाधन चेहरे की नाजुक त्वचा, आंखों और होठों पर लगाये जाते हैं। इससे तीन प्रकार के जोखिम होते हैं - त्वचा के (सबसे महत्वपूर्ण), मौखिक और/या साँस जोखिम हो सकते हैं।

## चिंताजनक निष्कर्ष

जब हमने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित मानकों के सामने सुरक्षा के लिए सौंदर्य प्रसाधनों का परीक्षण किया तो हमने लिपस्टिक में आर्सेनिक और काजल में लेड (सीसा) का खतरनाक रूप से उच्च स्तर पाया।

हमने दो भारी धातुओं - लेड और आर्सेनिक - की उपस्थिति के लिए लिपस्टिक, काजल, हेयर कलर और नेल पॉलिश की 12-12 ब्रांड का परीक्षण किया। चार-चार ब्रांड सस्ती, मध्य और महंगी रेंज वाली थी। काजल और हेयर कलर ब्रांड का केवल लेड के लिए परीक्षण किया गया।

नेल पॉलिश और हेयर कलर के सभी ब्रांडों में निर्धारित सीमा के भीतर लेड और आर्सेनिक था।

## लिपस्टिक

परीक्षण से चार ब्रांडों में आर्सेनिक के चिंताजनक उच्च स्तर का पता चला। बीआईएस की निर्धारित सीमा 2mg/kg है, वहीं *कलरेसेन्स मेस्मराइजिंग लिप कलर* में 9.59mg/kg का उच्चतम स्तर पाया गया, जिसके बाद *7 हैवन्स सुपर मैट लिपस्टिक* (9.28mg/kg), *तिआन नूओ* (9.22mg/kg) और *मेकओवर प्रोफेशनल* (8.28mg/kg) रहे।

सभी ब्रांडों में लेड तत्व बीआईएस की सीमा 20mg/kgके भीतर था। हालांकि, जिनमें उच्च आर्सेनिक था उनमें अधिक लेड तत्व भी था। *तिआन नूओ* में उच्चतम लेड तत्व 4.97mg/kg था। *(विस्तृत परिणामों के लिए तालिका देखें)*

**निष्कर्षः** यह तर्क कि जो महंगा है वह सुरक्षित और अच्छा है सही है, लेकिन उलटा सही नहीं है। उदाहरण के लिए, *पैशन* की कीमत सबसे कम (20 रु.) थी लेकिन इसने 84% का अच्छा कुल स्कोर पाया। इसमें आर्सेनिक और लेड की मात्रा इतनी कम थी कि मापी नहीं जा सकती थी।

## काजल

काजल के परीक्षण परिणाम भी इसी तरह परेशान करने वाले थे। काजल के दो ब्रांडों में लेड का चिंताजनक उच्च स्तर था। *रश्मि हर्बल काजल* में 48.91mg/kg था, जो बीआईएस द्वारा निर्धारित 20mg/kg अधिकतम सीमा से दुगुने से भी अधिक था। *निकी काजल* में 15.14mg/kg उच्च लेड तत्व था। *(विस्तृत परिणामों के लिए तालिका देखें)*

**निष्कर्षः** यह तर्क सही नहीं है कि उत्पाद जितना महंगा होगा वह उतना ही बेहतर होगा। उदाहरण के लिए, *लोरियल पेरिस काजल मैजिक* की कीमत 245 रुपये थी और स्कोर 68 था, लेकिन *हिमालय हर्बल्स काजल एक्स्ट्रा स्मूथ* की कीमत 45 रुपए थी लेकिन स्कोर 99 था!





# लिपस्टिक: जांच परिणाम

| ब्रांड/निर्माता/मानक | रैंक | कुल स्कोर[6] (%) | मूल्य (रु.) | मात्रा | आर्सेनिक[4] (mg/kg) | लेड[4] (mg/kg) | लेबलिंग स्कोर[5] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीआईएस सीमा | | | | | अधिकतम 2 mg/kg | अधिकतम 20 mg/kg | |
| मेबेलाइन न्यूयॉर्क | 1 | 96 | 399 | 4.2g | BQL[1] | BQL | 80 |
| कलर बार यूएसए क्रीम टच लिपस्टिक | 2 | 95 | 475 | 4.5g | BQL | 0.28 | 80 |
| लक्मे एनरिच लिपकलर | 2 | 95 | 240 | 4.4ml | BQL | 0.43 | 80 |
| रेवलॉन सुपर लस्ट्रस लिपस्टिक | 3 | 91 | 550 | 3.7g | BQL | 0.29 | 60 |
| पैशन | 4 | 84 | 20 | NA[3] | BQL | BQL | 20 |
| एडीएस प्रोफेशनल लिपस्टिक | 5 | 83 | 50 | NA | BQL | 0.26 | 20 |
| टीवाईए हर्बल लिप | 6 | 80 | 30 | 4.5g | 0.18 | 0.15 | 20 |
| किस ब्यूटी लिपस्टिक | 7 | 79 | 50 | NA | BQL | 0.46 | 0 |
| विफल ब्रांड[2] | | | | | | | |
| कलरेसेन्स मेस्मराइजिंग लिपकलर | | | 175 | 4.0g | 9.59 | 2.96 | 80 |
| मेकओवर प्रोफेशनल | | | 200 | 4.2g | 8.28 | 2.58 | 80 |
| 7 हैवन्स सुपर मैट लिपस्टिक | | | 120 | 3.8g | 9.28 | 2.68 | 40 |
| तिआन नूओ | | | 90 | NA | 9.22 | 4.97 | 0 |
| भार (%) | | | | | 40 | 40 | 20 |

**टिप्पणी:** [1] BQL - मात्रा के स्तर से नीचे (जिसे मापा नहीं जा सकता) [2] आर्सेनिक में विफल [3]NA - उपलब्ध नहीं क्योंकि पैक पर उल्लेख नहीं [4] लेड और आर्सेनिक के लिए कम बेहतर है [5]लेबलिंग स्कोर: पांच कारकों˙ तिथि से पहले उपयोग /समाप्ति की तारीख; बैच नम्बर; विनिर्माण/विपणन पता; विनिर्माण लाइसेंस संख्या और सुरक्षित उपयोग के लिए दिशा-निर्देश को समान भार देकर लेबलिंग स्कोर की गणना की गई है [6] कुल स्कोर की गणना निम्नलिखित भारः आर्सेनिक - 40%, लेड - 40% और लेबलिंग - 20% देकर की गई है

## अपर्याप्त लेबलिंग

सौंदर्य प्रसाधन को औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और औषधि और प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 के तहत विनियमित किया जाता है। इनमें 60ml तरल पदार्थ और 30g ठोस और अर्द्ध-ठोस से कम वाली प्रसाधन सामग्री वाले पैक के लेबल पर निवल मात्रा (नेट कन्टेन्ट्स) का उल्लेख करने से छूट दी गई है।

औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम और नियमावली के नियम 148 (3) के अनुसार जहां खतरा हो वहां खतरनाक सामग्री के नाम और मात्रा के विवरण के साथ चेतावनी संदेश लेबल पर होना चाहिए। केवल दो हेयर कलर निर्माताओं, *लिवोन कंडीशनिंग क्रीम कलर* और *स्ट्रीक्स टेंडर लविंग कलर* ने 'घोषणा' शीर्षक के तहत संभावित खतरनाक सामग्री का उल्लेख किया है।



केवल एक, *बेरिना* को छोड़कर सभी हैयर कलर ब्रांड ने अन्य लेबलिंग आवश्यकताओं को पूरा किया था।

लिपस्टिक, काजल और नेल पॉलिश की कुछ ब्रांड ने निम्नलिखित आवश्यक जानकारी का उल्लेख नहीं किया: I. समाप्ति की तिथि/तिथि से पहले उपयोग ii. बैच नम्बर iii. विनिर्माण/विपणन पता iv. विनिर्माण लाइसेंस संख्या v. सुरक्षित उपयोग के लिए दिशा-निर्देश


**'तिथि से पहले उपयोग' नहीं**

सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में समाप्ति तिथि या तिथि से पहले प्रयोग महत्वपूर्ण है क्योंकि इन तिथियों के बाद उत्पाद खराब हो सकते हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। निम्नलिखित ब्रांड पर इस महत्वपूर्ण जानकारी का उल्लेख नहीं किया गया था:

**लिपस्टिक:** *टी.वाई.ए., किस ब्यूटी, एडीएस* और *पैशन*

# काजल: परीक्षण परिणाम





| ब्रांड/निर्माता/मानक | रैंक | कुल स्कोर[6] (%) | मूल्य (रु.) | वजन | लेड[4] (mg/kg) | लेबलिंग स्कोर[5] |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बीआईएस सीमा | | | | | अधिकतम 20 mg/kg | |
| मेबेलाइन न्यूयॉर्क द कोलोजल काजल | 1 | 100 | 199 | 0.35g | BQL[1] | 100 |
| हिमालय हर्बल्स काजल एक्स्ट्रा स्मूथ | 2 | 99 | 45 | 1.0g | 0.16 | 100 |
| खोजती मुमताज डीलक्स काजल | 2 | 99 | 40 | 4.0g | 0.26 | 100 |
| लक्मे काजल ब्लैक आइकोनिक | 3 | 98 | 200 | 0.35g | 0.62 | 100 |
| ब्लू हैवन इंडियन काजल | 4 | 97 | 20 | 2.5g | 0.77 | 100 |
| जय काजल | 5 | 91 | 13 | 2.5g | 0.82 | 80 |
| अंबर काजल | 6 | 71 | 13 | NA[3] | 1.41 | 20 |
| क्लेरियन लांग वियरिंग मैट काजल/आई लाइनर | 7 | 69 | 10 | NA | 1.89 | 20 |
| लोरियल पेरिस काजल मैजिक | 8 | 68 | 245 | 0.35g | 0.66 | 0 |
| एडीएस काजल पेंसिल | 9 | 65 | 20 | NA | 1.46 | 0 |
| निकी काजल | 10 | 41 | 12 | 3.0g | 15.14 | 80 |
| विफल ब्रांड[2] | | | | | | |
| रश्मि हर्बल | | | 20 | 2.0g | 48.91 | 100 |
| भार (%) | | | | | 70 | 30 |

**टिप्पणी:** [1] BQL - मात्रा के स्तर से नीचे (जिसे मापा नहीं जा सकता) [2] लेड में विफल [3] NA - उपलब्ध नहीं क्योंकि पैक पर उल्लेख नहीं [4] लेड के लिए कम बेहतर है [5] लेबलिंग स्कोर: पांच कारकों - तिथि से पहले उपयोग/समाप्ति की तारीख; बैच नम्बर; विनिर्माण/विपणन पता; विनिर्माण लाइसेंस संख्या और सुरक्षित उपयोग के लिए दिशा-निर्देश को समान भार देकर लोबलिंग स्कोर की गणना की गई है [6] कुल स्कोर की गणना निम्नलिखित भार: लेड - 70% और लेबलिंग - 30% देकर की गई है



**काजलः** *एडीएस, निकी, अंबर* और *क्लेरियन*
**नेल पोलिशः** *सुरभी, एबोनी, वोवे, डब्ल्यूओडब्ल्यू* और *डोजी*

## सर्वेक्षण के परिणाम

परीक्षण से पहले, हमने उपभोक्ता की चिंताओं को समझने के लिए एक सर्वेक्षण किया। इसके प्रमुख निष्कर्ष इस प्रकार थेः

- अधिकांश उत्तरदाताओं का मानना था कि केवल प्रतिष्ठित ब्रांड ही गुणवत्ता की गारंटी दे सकते हैं।
- केवल 25% को कानून के तहत सुरक्षा प्रावधानों के बारे में जानकारी थी।
- लगभग 15% को सौंदर्य प्रसाधन से हुई समस्याओं का सामना करना पड़ा था। साइड इफेक्ट में बालों का झड़ना, जलन, एलर्जी चकत्ते, सिर में दर्द और अस्थमा शामिल थे।

## हमने परीक्षण कैसे किया

हालांकि, सौंदर्य प्रसाधन अनिवार्य प्रमाणन के तहत नहीं आते हैं, लेकिन फिर भी बीआईएस ने उनके लिए मानक निर्धारित किये हैं। हमने लिपस्टिक ब्रांडों का आकलन IS 9875:1990, पहले संशोधन, और काजल का IS 15154:2002 के अनुसार किया। हमने आईसीपी-एमएस पद्धति का उपयोग करके लेड और आर्सेनिक का पता लगाने के लिए सौंदर्य प्रसाधनों का परीक्षण किया।

## निर्माताओं की प्रतिक्रिया

प्रेस में जाने तक लिपस्टिक और काजल के पांच नाकाम रहे ब्रांड में से किसी ने भी हमारे प्रश्नों का जवाब नहीं दिया।

**लिपस्टिकः** कम कीमत वाली ब्रांड के लेबल पर बहुत कम जानकारी थी और कुछ कंपनियों से संपर्क नहीं किया जा सका। महंगे ब्रांड में भारी धातुएं नहीं थी।

*रेवलॉन* ने कहाः *'औषधि और प्रसाधन सामग्री नियमावली के अनुसार इस उत्पाद के लेबल पर सामग्री की सूची और अन्य विवरण मुद्रित करना आवश्यक नहीं है क्योंकि उत्पाद 10g से कम है और यह छूट की श्रेणी में आता है'।*

**काजलः** कम कीमत वाली अधिकांश ब्रांड से कोई जवाब नहीं मिला। *लोरियल* और *मेबेलाइन* ने कहा कि छोटे पैक के आकार के कारण उन्हें छूट दी गई है।

**हेयर कलरः** *लोरियल, गार्नियर* और *रेवलॉन* लेबल पर खतरनाक सामग्री को दर्शाना आवश्यक नहीं समझते। पहले दो ने कहा कि उत्पाद के साथ कोई खतरा नहीं जुड़ा है, जबकि तीसरे को आवश्यकता के बारे में पता भी नहीं था।

*स्ट्रीक्स* ने कहाः *'... उपभोक्ता के हित में लेबलिंग प्रावधानों के बारे में आपके अवलोकनों की चूक के लिए, यदि कोई होगी, तो देखा जाएगा।'*

फ़ोन पर, *पंचवटी* ने कहा कि खतरों का उल्लेख करने से ग्राहक भाग जाएंगे।

**नेल पॉलिशः** *रेवलॉन* ने कहा कि उपयोग के लिए दिशा-निर्देश और चेतावनी पहले से ही बोतल के पिछले पैनल में दी गई है। छोटे पैक के आकार की वजह से सामग्री की सूची को मुद्रित करना आवश्यक नहीं है।

## कार्रवाई के क्षेत्र

विनियामक प्राधिकरण कोः

- निर्माताओं को लेबल पर भारी धातुओं को दर्शाना अनिवार्य करना चाहिए
- सौंदर्य प्रसाधन के सभी पैक आकारों के लिए निवल मात्रा का उल्लेख करना अनिवार्य करना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो अलग पत्रक देना चाहिए
- उस नियम का कड़ाई से लागू करना चाहिए जिसमें खतरनाक पदार्थों को दर्शाना आवश्यक है
- बाजार से असुरक्षित सौंदर्य प्रसाधन हटाए जाएं और कठोर दंड लगाया जाए। सस्ते असुरक्षित ब्रांडों का आयात रोकें
- अनिवार्य मानकों का लगातार अद्यतन किया जाए
- समय-समय पर उत्पादों के नमूने लेना और उन्हें स्वतंत्र प्रयोगशालाओं में परीक्षण करवाना चाहिए

## ग्राहक साथी निष्कर्ष

आर्सेनिक और लेड जैसे जहरीले पदार्थ वाले सौंदर्य प्रसाधन बाजार में हैं। लेबलिंग जानकारी के अभाव में उपभोक्ताओं को कैसे पता लगे कि वे सुरक्षित उत्पाद खरीद रहे हैं? विनियामक प्राधिकरण को कार्रवाई करने की जरूरत है। हम उपभोक्ताओं को सुझाव देते हैं किः

- प्रतिष्ठित ब्रांडों को खरीदें ताकि वे सामग्री के बारे में दुकान या कंपनी के यहां जांच कर सकें
- अपर्याप्त लेबलिंग जानकारी वाले सस्ते ब्रांड नहीं खरीदें
- आँखों या त्वचा में जलन होते ही कॉस्मेटिक का प्रयोग बंद कर दें
- विशेष अवसरों पर ही सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग करें ■

